तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 5 मई 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

11 आंधी ने ऐसी मचाई तबाही, 50 स्थान के टूटे तार, तीन दर्जन विद्युत पोल हुए धराशाही



## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य केन्द्रों में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर आज

**कोरबा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वयोवृद्ध लोगों के स्वास्थ्य जांच हेतु 5 मई को कोरबा ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजगरबहार, कटघोरा ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाईबाजार, पोंडी उपरोड़ा ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटगा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पसान, पाली ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चैतमा और करतला ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकनीपाली, शहरी क्षेत्र में यूपीएचसी बांकीमोंगरा में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### क्लस्टरवार समाधान शिविर का आयोजन आज से

कोरबा। सुशासन तिहार के तृतीय चरण 5 मई से 31 मई के बीच जिले के सभी विकासखंडों के क्लस्टर ग्रामों में समाधान शिविर आयोजन कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी दी जाएगी। समाधान शिविर के तहत 5 मई को विकासखंड के ग्राम पंचायत भैंसमा कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत भैसमा, ढोंगदरहा, चीतापाली, करमंदी, बगबुड़ा, चाकामार, करूमौहा, कुरूडीह, गोढ़ी, बेंदरकोना, मुढुनारा, हेतु भैंसमा हाई स्कूल भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत 5 मई को पोड़ीउपरोड़ा क्लस्टर सम्मिलित ग्राम पंचायत पसान, लैंगी, कुम्हारीसानी, बैरा, खोडरी प, चन्दौटी, कर्री, अडसरा, सेन्हा हेतु पोड़ी उपरोड़ा हॉस्पिटल के सामने मिनी स्टेडियम में शिविर और पाली विकासखण्ड अंतर्गत 05 मई को मदनपुर क्लस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत मदनपुर, कुटेलामुड़ा, बड़ेबांका, नानबांका, नवापारा, पटपरा, डोड़की, सगुना हेतु मदनपुर माध्यमिक शाला परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को दी गई विदाई

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से अप्रैल माह में कार्यपालन अभियंता अनुप कुमार मिश्रा, वरिष्ठ पर्यवेक्षक दामोदर प्रसाद साहू, कनिष्ठ पर्यवेक्षक जनीराम कर्ष, महेश कुमार सिंह, चिंताराम कैवर्त एवं एएनएम. बानी बिश्वास सेवानिवृत्त हो गईं। सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालन अभियंता एवं कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया। मुख्य अभियंता के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, पीके स्वैन और केएनबी राव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### मुरूम की जगह सड़क पर डाली मिट्टी, राहगीर हो रहे हलाकान

**कोरबा।** कोरबी से मुड़ापार की सडक़ खराब हो चुकी है। इसकी मरम्मत के नाम पर मुरुम की जगह सडक़ पर मिट्टी डाल दी गई है। बारिश होने से अब बाइक फिसल रही है। इससे हादसे का डर बना हुआ है। ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। डीएमएफ फंड की 1 करोड़ 81 लाख 93 हजार रुपए की लागत से पीडब्ल्यूडी विभाग ने मुड़ापार से कोरबी सडक़ का निर्माण कराया था। 5 साल से सडक़ खराब है।इस कारण ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानी होती है। सडक़ मरम्मतीकरण के लिए ठेकेदार ने मुरुम की जगह सडक़ पर मिट्टी डंप करा दी है। बारिश में ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। इनका कहना है कि मिट्टी डालने से सडक़ भी टिकाऊ नहीं रहेगी। समय से पहले सडक़ खराब हो जाएगी। इससे मरम्मत कार्य के बाद भी राहत नहीं मिलेगी। ग्रामीणों की मांग है कि सडक़ निर्माण कार्य में मुरुम डालकर ही मरम्मत का कार्य किया जाए, ताकि वाहन चालकों को अधिक समय तक बेहतर सडक़ का लाभ मिले।

# सुशासन तिहार में 80 हजार लोगों ने पीएम आवास के लिए किया दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के ग्रामीण अंचलों में 80 हजार ऐसे आवेदक सामने आये हैं जिन्होंने पीएम आवास के लिए अपना दावा ठोका है। शिविर में सभी तरह के आवेदन लिए जा रहे थे। इसके तहत पीएम आवास के लिए आवेदन भी शामिल थे। इन आवेदनों में पात्र हितग्राहियों का चयन कर उन्हें आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

राज्य शासन से पीएम आवास के लिए लगातार फोकस किया जा रहा है। सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीण अंचलों में लगाए गए शिविर में ग्रामीणों से पीएम आवास के लिए भी आवेदन मंगाए गए थे। इनमें 80 हजार ऐसे हितग्राही सामने आए हैं जिन्होंने अपने लिए पीएम आवास मांगा है। जबकि राज्य शासन से द्वितीय चरण के लिए 40 हजार नए आवास का लक्ष्य दिया गया है और 80 हजार हितग्राहियों के सामने आने के बाद अब प्रशासन के समक्ष इन आवेदनों में पात्र हितग्राहियों के चयन को लेकर समस्या खड़ी हो गई है। अब इन 80 हजार आवेदनों में पात्र हितग्राहियों का चयन करना ढेढ़ी खीर हो गई है। इसके पूर्व स्वीकृत पीएम आवास का निर्माण जारी है। 40 हजार नए आवास मिलने के बाद यह संख्या एक लाख से अधिक हो जाएगी। जिसके लिए युद्ध स्तर पर तैयारी चल रही है। जिला प्रशासन ने पीएम आवास शाखा माध्यम से चयनित हितग्राहियों के यहां आवास बनाने को लेकर कार्ययोजना तैयार की है। ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पंचायत को इसकी एजेंसी बनाया गया है।

## गांवों में लगे शिविर में पहुंचे ग्रामीण

**खास बातें**

- पात्र हितग्राहियों को ही दिया जाएगा आवास
- जिला पंचायत स्तर पर पीएम आवास के लिए होगा परीक्षण




### परिवार बंटा इसलिए शौचालय की आई मांग

पीएम आवास के साथ साथ एक महत्वपूर्ण मांग शौचायलय निर्माण की भी आई है। इससे स्वच्छ भारत के ओडीएफ जिले के घोषणा पर ही सवाल खड़े हो गए थे कि आखिर जिला ओडीएफ घोषित हुआ है तो शौचायलय निर्माण की मांग कैसे आ रही है। जब इसकी गहराई से जानकारी ली गई तो यह जानकारी सामने आई कि ग्रामीण अंचलों में संयुक्त परिवार में अब बंटवारे की स्थिति निर्मित होने के साथ हर परिवार अलग होकर अपने लिए शौचायलय एवं अन्य सुविधाओं की मांग सरकार से कर रहा है।

## ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों को लेकर बरती जा रही है लापरवाही

# ग्रामीण अंचलों में पंचायत के कार्य पड़े हैं अधूरे स्कूल निर्माण की जिम्मेदारी आरईएस को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराए जाने वाले निर्माण कार्य अधूरे रहने और सरकार की राशि का दुरुपयोग होने के मामले को लेकर अब ग्रामीण अंचलों में स्कूल और आंगनबाड़ी जैसे निर्माण कार्यों के लिए आरईएस को निर्माण एजेंसी बनाए जाने लगा है। इसके पीछे पंचायतों की लापरवाही सामने आई है।

**खास बातें**

- जनपद पंचायतों के माध्यम से स्वीकृत निर्माण कार्य समय पर नहीं हो रहे पूरे
- 14 लाख की लागत से बनने वाले स्कूल के लिए बदले गए निर्माण एजेंसी



अधूरा पड़ा स्कूल भवन।

ग्राम पंचायतों को 20 लाख तक निर्माण कार्य कराए जाने का अधिकार दिए जाने के बाद भी ग्राम पंचायत निर्माण कार्य जैसे कार्यों पर गंभीरता नहीं बरत रही है। कई ऐसे निर्माण कार्य है जो पिछले दो तीन वर्षों से अधूरे पड़े हैं और उनकी राशि भी खर्च कर दी गई है। ऐसे ग्राम पंचायतों के सरपंचों के उपर लाखों रुपए निर्माण कार्यों का बकाया है जिनसे वसूली की कार्यवाही चल रही है। न राशि की वसूली हो पा रही है और न ही अधूरे निर्माण कार्य पूरे कराये जा रहे हैं। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूल और आंगनबाड़ी भवन का निर्माण अब ग्रामीण यांत्रिकी विभाग से कराए जाने हेतु उसे निर्माण एजेंसी बनाया है। वर्तमान में जिले के अनेक ऐसे पंचायत हैं जहां 14 लाख की लागत से नए स्कूल भवन और आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण होना है। उनके लिए ग्राम पंचायतों को निर्माण एजेंसी न बनाकर आरईएस को जिम्मेदारी दे दी गई है ताकि स्कूल और आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सके।

### अधूरे भवनों के कारण घरों में लगती है कक्षाएं

अधूरे निर्माण कार्य की वजह से ग्रामीण अंचलों के कई स्कूल घरों में लग रहे हैं। जिनमें कोरबा विकासखंड के ग्राम पंचायत खम्मोहन एवं नकिया ग्राम पंचायत शामिल हैं जहां स्कूल और आगंनबाड़ी भवन कार्य पिछले चार साल से अधूरा पड़ा हुआ है। जिसे निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाया गया था, उक्त राशि भी खर्च कर ली गई है। इस मामले में अधिकारियों की लापरवाही स्पष्ट सामने आई है किंतु जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गई है।

# व्यापमं की परीक्षाओं में ड्यूटी लगाने में हो रही गड़बड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए जिले में भी परीक्षा केंद्र बनाए जाते हैं। जिनमें ड्यूटी लगाने के लिए निर्धारित मापदंडों का पालन करने के बजाए परिचितों को प्राचार्यों के द्वारा ड्यूटी लगाई जा रही है। जबकि नियम के तहत जो लोग ड्यूटी में नहीं आते उनकी ड्यूटी नहीं लगानी चाहिए। ऐसा ही मामला शिक्षा विभाग के पास पहुंचा है जो इंजीनियरिंग कॉलेज से संबंधित है।

**खास बातें**

- इंजीनियरिंग कॉलेज का मामला, पहुंचा डीईओ के पास
- व्यापमं द्वारा दिया जाता है निश्चित मानदेय

व्यापम की परीक्षाओं के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा मानदेय दिया जाता है। जिसमें 650 रुपए इनके अलावा सफाई कर्मियों को भी डेढ़ सौ रुपए के मानदेय दिया जाता है।

उक्त राशि प्रतिदिन के हिसाब से दी जाती है। परीक्षा ड्यूटी लगाने का अधिकार संबंधित परीक्षा केंद्र के संस्था के प्राचार्यों को रहता है। जो अपने स्कूल के शिक्षकों की ड्यूटी लगाते हैं, इसके पूर्व कलेक्ट्रेट में परीक्षा आयोजित करने के संबंध में ब्रिफिंग की जाती है और जो ब्रिफिंग में उपस्थित रहते हैं उनकी ही ड्यूटी लगाया जाना अनिवार्य है लेकिन कोरबा आईटी कॉलेज में कुछ परीक्षाओं के दौरान निजी स्कूल के शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई। जबकि संस्था में सहायक ग्रेड-03, 04 के अलावा अन्य स्टॉफ मौजूद है इसके साथ ही ऐसी भी गलतियां सामने आई है कि एक ही दिन की परीक्षा में एक ही कर्मचारी की दो स्थानों में ड्यूटी लगा दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी को इस पूरे मामले से अवगत कराया गया है पर इस संबंध में क्या आवश्यक कार्यवाही हो रही है यह सामने नहीं आया है।

# अधिग्रहित ग्राम हरदीबाजार का अधिग्रहण करने जिला पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका परियोजना के द्वारा कोयला उत्खनन के लिए कोयला खदान विस्तार हेतु अधिग्रहित ग्राम हरदीबाजार को अधिग्रहण करने एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा तीन भाग में अधिग्रहण किया गया है। जिसमें वर्ष 2004-2010 व 2022 है। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जहां हरदीबाजार के प्रभावित ग्रामवासी व सरपंच, उप सरपंच सहित पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीणजन, एसईसीएल दीपका प्रबंधन व कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

**खास बात**

- वर्ष 2010 के पूर्व जन्मे बच्चों को मिलेगी नौकरी की पात्रता



बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा जारी बैठक में कोयला धारक क्षेत्र अधिनियम 1957 के तहत मुआवजा सिंचित भूमि 10 लाख रुपए एवं असिंचित भूमि 8 लाख रुपए एकड़ है जिसे 2010 अधिग्रहण व छत्तीसगढ़ सरकार की पालिसी अंतर्गत बढ़ी हुई राशि अनुसार सिंचित भूमि लगभग 16 लाख रुपए व असिंचित भूमि लगभग 11 लाख रुपए है। बैठक में हरदीबाजार बसाहट के लिए दीपका तहसील अंतर्गत ग्राम दर्री व हरदीबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम उतरदा को चयनित किया गया है। बसाहट नहीं लेने की स्थिति में उन्हें 10 लाख रुपए एवं एक साथ खाले करने पर अतिरिक्त 5 लाख रुपए दिया जाएगा। वहीं बसाहट स्थल को ग्राम समिति व एसईसीएल दीपका प्रबंधन जाकर स्थल चयन किया जाएगा। वहीं 2004 व 2010 में जिन किसानों का ज़मीन है उसे अधिग्रहित कर 2010 को कट-आउट मानते हुए 2010 से पूर्व जन्मे बच्चों को नौकरी की पात्रता होगी। वहीं ग्रामीणों ने मकान व भूमि का मुआवजा राशि से आधी राशि देने जिससे भूविस्थापित कहीं मकान बना कर रह सके फिर पूरा मकान तोड़ कर बचत मुआवजा राशि ले सके इस भी सहमति बनी। वहीं अधिग्रहण के बाद हुई जमीन रजिस्ट्री को एसईसीएल दीपका प्रबंधन मान्य नहीं कर रहा है। जमीन की राशि पूर्व मालिक व मकान का मुआवजा मकान मालिक को मिलेगा इस पर ग्रामवासियों ने मकान मालिक को सौ प्रतिशत मुआवजा राशि देने की मांग रखी है। बैठक में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, सरपंच लोकेश्वर कंवर, जनपद सदस्य अनिल टंडन, विधायक प्रतिनिधि नरेश टंडन, उप सरपंच श्रीमती रेखा रामू जायसवाल, रामशरण कंवर, रमेश अहिर, रमेश राठौर, लोकेश राठौर, नरेंद्र राठौर, सुरेंद्र राठौर, कन्हैया राठौर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# समाधान शिविर में होगा प्राप्त आवेदनों का निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार अन्तर्गत आज से जिले में समाधन शिविर की शुरुआत होने जा रही है। जहां अब तक प्राप्त 1 लाख 78 हजार आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की जाएगी वहीं कुछ गंभीर शिकायतें सामने आएंगी तो उन्हें भी शिविर में लिया जाएगा। जनपदों में 5 से 31 मई तक कुल 41 शिविर का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को 5 स्थानों में शिविर लगाए जाएंगे जिनमें पाली ब्लॉक में मदनपुर, पोड़ी उपरोड़ा पसान, कोरबा के भैसमा में शिविर लगाए जाएंगे।

**खास बात**

- आज से लगेंगे समाधान शिविर, 1 लाख 78 हजार मिले आवेदन

उक्त बातें कलेक्टर अजीत वसंत ने पत्रकारवार्ता में बातचीत के दौरान कही। इस तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना है। उन्होंने बताया कि कोरबा जिले में कुल एक लाख 78 हजार 418 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों को स्केनिंग कर आनलाइन इंट्री की गई है। इसे संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया और सभी आवेदनों का परीक्षण कराकर नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। शिविर में मांग, शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए हैं। पेंशन, राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र, बिजली बिल अधिक आने की शिकायत, रिकार्ड दुरूस्तीकरण, पेयजल की मांग, सीसी रोड निर्माण, शौचालय निर्माण, महतारी वंदन योजना में नाम जोड़ने, प्रधानमंत्री आवास, पट्टा सहित अन्य प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से पेंशन, राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र का परीक्षण कराकर पात्रतानुसार संबंधित को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।



पत्रकारवार्ता के दौरान कलेक्टर श्री वसंत।

### सीसी रोड व निर्माण कार्य बजट होने पर ही होगा

कलेक्टर ने सीसी रोड, अन्य निर्माण कार्य, जैसी मांग पर बजट का प्रावधान होने पर एवं महतारी वंदन, प्रधानमंत्री आवास जैसे मांगों पर शासन से निर्देश प्राप्त होने के पश्चात कार्रवाई की बात कही है। इसके लिए क्लस्टर बनाकर आसपास के 8 से 10 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। शिविर में स्कूल भवन संबंधी आवेदन प्राप्त होने पर स्वीकृत किये जाएंगे। कई स्थानों पर स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग आई है जिसका परीक्षण किया जा रहा है। पोंड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के लगभग 40 विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत किया जा रहा है।

### दो सौ आंगनबाड़ी भवनों की स्वीकृति

इस वित्तीय वर्ष में 2 सौ नये आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। आने वाले दिनों में जिले के महत्वपूर्ण सड़कों के लिये डीएमएफ से बड़ी राशि स्वीकृत करने की योजना है। पोंड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिये लगभग सौ हैंडपंप स्वीकृत किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले के विकास में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अधोसंरचना का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

### 22 हजार आवेदन शिकायतों के

सुशासन तिहार के दौरान जो आवेदन जिला प्रशासन को मिले हैं उसके तहत 22 हजार आवेदन ऐसे हैं जो शिकायतों से संबंधित हैं। जिनमें सड़क निर्माण, शिक्षक की कमी, स्कूल की मांग आदि शामिल हैं। साथ ही मांगों के आवेदन भी आए हैं। जिनमें स्कूल भवन आंगनबाड़ी की मांग प्रमुखता से शामिल हैं। प्रशासन के पास प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारियों से संबंधित शिकायतें नहीं मिली है।

### यहां आज लगेंगे समाधन शिविर

समाधान शिविर के तहत 5 मई को कोरबा विकासखंड के ग्राम पंचायत भैसमा कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत भैसमा, ढोंगदरहा, चीतापाली, करमंदी, बगबुड़ा, चाकामार, करूमौहा, कुरूडीह, गोढ़ी, बेंदरकोना, मुढुनारा, हेतु भैसमा हाई स्कूल भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत 5 मई को पोड़ी उपरोड़ा क्लस्टर सम्मिलित ग्राम पंचायत पसान, लैंगी, कुम्हारीसानी, बैरा, खोडरी, चन्दौटी, कर्री, अडसरा, सेन्हा हेतु पोड़ी उपरोड़ा हॉस्पिटल के सामने मिनी स्टेडियम में शिविर और पाली विकासखण्ड अंतर्गत 5 मई को मदनपुर क्लस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत मदनपुर, कुटेलामुड़ा, बड़ेबांका, नानबांका, नवापारा, पटपरा, डोड़की, सगुना हेतु मदनपुर माध्यमिक शाला परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# पशु चिकित्सा विभाग के संविदा कर्मचारियों को दिया गया नोटिस, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक साल पहले डीएमएफ से कार्य पर रखे गए सभी 26 संविदा कर्मचारियों को सेवा समाप्ति के नोटिस मिल गया है। इससे इनमें हड़कम्प मच गई है और चिंता भी। बता दें कि कार्यालय, कलेक्टर अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा के प्रशासकीय स्वीकृति आदेश के तहत 26 युवक-युवतियों को उनकी योग्यता अनुसार सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संविदा के पद पर नियुक्त किया गया था। कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला के आदेश 12 दिसंबर 2024 द्वारा विभिन्न संस्थाओं में इन्हें पदस्थापित किया गया।

कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें के अधीन कार्यरत इन सभी 26 संविदा कर्मचारियों की सेवा 31 मई को समाप्त हो जाएगी। इस आशय की नोटिस मिलने के बाद से ये सभी अपने व परिवार के भविष्य को लेकर चिंतित हो गए हैं। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (संविदा) पद की सेवावृद्धि के लिए इन्होंने ऑनलाइन आवेदन करते हुए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। इन्होंने कहा है कि विभाग में हमारी अनुपस्थिति होने से विभिन्न संस्थायें रिक्त हो जाएंगी। जिससे पशु सेवा संबंधी कार्य (टीकाकरण, बधियाकरण, पशु उपचार, कृत्रिम गर्भाधान इत्यादि) बाधित होंगे। इसके अलावा हमारी सेवा समाप्त हो जाने से हमें व्यक्तिगत रूप से एवं हमारे परिवार को बेरोजगारी एवं आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा। बीते एक वर्ष में हमारे द्वारा सभी कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों का उचित ढंग से निर्वहन किया गया है। संबंधित विषय पशु चिकित्सा संसाधन विभाग से जुड़ा हुआ है जिसके मंत्री आप स्वयं हैं। छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति के कौशल विकास और रोजगार को लेकर आपके नेतृत्व वाली सरकार संवेदनशील है। आपकी सरकार के कार्यकाल में अब तक हजारों युवाओं को सेवा का अवसर दिया गया है। हम स्वयं इसके साक्षी हैं। अतएव विभाग की आवश्यकता एवं हमारी परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए हमारी सेवा में वृद्धि करने की असीम कृपा करें। इस हेतु हम सदैव आपके कृतज्ञ रहेंगे।

**खास बात**

- 26 संविदा कर्मचारियों को सेवा समाप्ति की नोटिस

## खबर संक्षेप

### 10 तक आ सकते हैं 10वीं 12वीं सीजी बोर्ड के नतीजे

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे इस बार 10 मई तक जारी हो सकते हैं। ध्यान रहे कि इस बार 10वीं और 12वीं की परीक्षा में कुल 5.71 लाख छात्र शामिल हुए थे। उत्तरपुस्तिकाओं की जांच 26 मार्च से प्रदेशभर में बनाए गए 36 मूल्यांकन केंद्रों पर की गई। 10वीं की परीक्षा 24 मार्च को खत्म हुई थी। इसमें 17 मार्च तक हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और व्यवसायिक विषयों के पेपर हो चुके थे। इसके बाद 21 मार्च को तृतीय भाषा और 24 मार्च को विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए संगीत, ड्राइंग और पेंटिंग की परीक्षा हुई थी। वहीं, 12वीं की परीक्षा 28 मार्च तक चली थी। इसमें भी अधिकतर मुख्य विषयों की परीक्षा 18 मार्च तक ही हो गई थी, जैसे कि हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, भौतिकी, रसायन, समाजशास्त्र और राजनीतिक विज्ञान शामिल थे। बोर्ड अधिकारियों के मुताबिक इस बार कॉपियों की जांच 17 अप्रैल तक पूरी करने का टारगेट रखा गया था। रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया भी अंतिम चरणों में है। यही वजह है कि रिजल्ट 10 मई तक आने की संभावना है।

### पीईटी और पीपीएचटी 8 मई को

**बिलासपुर।** प्रदेश में इंजीनियरिंग और फार्मेसी में एडमिशन के लिए व्यापमं द्वारा आयोजित की जाने वाली प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट (पीईटी) और प्री-फार्मेसी टेस्ट (पीपीएचटी) 8 मई को होगी। इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 अप्रैल की शाम 5 बजे तक मंगाए गए थे। फॉर्म में सुधार करने का अवसर 18 से 20 अप्रैल तक दिया गया। इसके साथ ही प्रवेश पत्र 29 अप्रैल को जारी कर दिए गए हैं। पीईटी परीक्षा 8 मई की सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक होगी। जबकि पीपीएचटी परीक्षा 8 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। परीक्षा केंद्र सभी 33 जिला मुख्यालयों में बनाए जाएंगे।

### राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड के लिए आवेदन 30 तक

**बिलासपुर।** विश्व सेवा परिषद् द्वारा राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड देने 30 मई तक आवेदन मंगाए गए हैं। इसके लिए शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सामाजिक, सांस्कृतिक व अन्य सेवाभावी क्षेत्रों के विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकारी/ गैर सरकारी व्यक्तियों, संस्थाओं, समाजसेवी आवेदन कर सकते हैं। सरकारी क्षेत्र के व्यक्ति व संस्था अपने वरिष्ठ विभागीय, अधिकारी से और गैर सरकारी क्षेत्र के व्यक्ति व संस्था मुखिया, वार्ड पार्षद, मेयर, विधायक, सांसद में से किन्हीं एक से अपने कार्यों की अनुशंसा कराना जरूरी है। पूरी जानकारी डॉ. बीबी राज, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, विश्व सेवा परिषद प्रधान कार्यालय -कमड़े, रातु रोड, रांची-835222 भेजना होगा।

### तापमान में 4 डिग्री की कमी, लेकिन तीखी धूप

**बिलासपुर।** सूरज की तीखी किरणें रविवार को भी लोगों परेशान करती रही, लेकिन राहत की बात यह है कि शनिवार के मुकाबले तापमान 4 डिग्री कम रहा। बताया जा रहा है कि यह तापमान सामान्य तापमान से 6.8 डिग्री कम है। मौसम में लगातार उतार चढ़ाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, खान पान में लापरवाही होते ही लोगों बीमार पड़ रहे हैं। रविवार को सुबह से मौसम खुला रहा और आसमान पर सूरज की दस्तक के कारण धूप भी अच्छी खासी रही।

## निधन

### रामसिंह



**कोरबा।** भाजपा बालकोनगर मंडल के महामंत्री शैलेन्द्र सिंह के पिता रामसिंह का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज बालकोनगर सेक्टर पांच मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे निवास स्थान हाउसिंग बोर्ड बालको से निकलेगी।

# 15 लाख से अधिक स्टूडेंट्स का आधार और यू-डाइस डेटा गायब, इसलिए नहीं बन पाया अपार, अब योजना हो गई बंद

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के 57 हजार स्कूलों में पढ़ने वाले 57 लाख से ज्यादा छात्रों की अपार आईडी बनाई जानी थी, लेकिन 64 प्रतिशत छात्रों की ही अपार आईडी ही बन सकी है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह छात्रों का आधार कार्ड और यू-डाइस रिकॉर्ड का मैच नहीं होना है। आधार कार्ड वैरिफाइ नहीं होने की वजह से अब तक 15 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों का अपार आईडी जनरेट नहीं हो सका है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह छात्रों के दस्तावेजों में नाम और उम्र में त्रुटि को लेकर बताई जा रही है। हाल यह है कि इस अपार आईडी बनाने में बिलासपुर जिला जहां 24 वें नंबर हैं तो रायपुर 11 वें नंबर पर। अब अपार आईडी बननी बंद भी हो गई है और बिलासपुर में ही एक लाख 40 हजार बच्चों की आईडी नहीं बन सकी है। ऐसे में सवाल है कि इन बच्चों का क्या होगा।

बिलासपुर जिले में कुल दो लाख 75 हजार 870 छात्रों की अपार आईडी बन सकी है जबकि 2540 स्कूलों के चार लाख 15 हजार 219 छात्रों की आईडी बनाई जानी है। इसी तरह रायपुर में अब तक 3 लाख 96 हजार छात्रों की अपार आईडी जनरेट हो सकी हैं जबकि वहां 2447 सरकारी स्कूलों के 5 लाख 39 हजार से ज्यादा छात्र हैं, जिनकी अपार आईडी बननी है।

- बिलासपुर में 4 लाख 15 हजार स्टूडेंट में से सिर्फ दो लाख 75 हजार बच्चों की बनी आईडी
- प्रदेश में 57 हजार स्कूलों में पढ़ने वाले 57 लाख से ज्यादा छात्रों की अपार आईडी बननी थी

**अपार आईडी की स्थिति**

- बिलासपुर - 64.56 %
- रायपुर - 69.64%
- दुर्ग - 62.18%
- कोरबा - 77.47%
- रायगढ़ - 78.38%




**अपार आईडी का यह लाभ**

- फर्जी एजुकेशन डॉक्यूमेंट जैसे मामलों पर नकेल कसेगी
- एडमिशन के समय छात्रों का वेरीफिकेशन आसान हो जाएगा।
- स्कॉलरशिप पाने के लिए क्रेडिट अकमुलेशन, क्रेडिट रिडेम्प्टन, क्रेडिट ट्रांसफर इंटर्नशिप मिलेगा।
- सर्टिफिकेशन, नौकरी के लिए आवेदन आदि काम काफी आसान हो जाएगा।
- सरकारी योजनाओं का लाभ सीधा बच्चों को मुहैया कराया जा सकेगा।
- यह छात्रों का डिजी लॉकर होगा, जिसमें सभी डॉक्यूमेंट एक जगह सेव रहेगा।
- ड्रॉपआउट छात्रों की ट्रैकिंग की जा सकेगी, यह उन्हें मुख्यधारा में लाने में मदद करेगा।

**नए सत्र से होगा शुरू**

कई बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं थे, जिसके कारण उनका आधार कार्ड बनाना मुश्किल हुआ। इसके अलावा कुछ बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक डाटा अपडेट नहीं है, जिससे उनका आईडी नंबर जारी नहीं पाई। कई छात्रों का आधार कार्ड और यू-डाइस रिकॉर्ड का मैच नहीं हो पा रहा है। फिलहाल इस सत्र के लिए अपार आईडी बनने की प्रक्रिया बंद कर दी गई है। नए सत्र में फिर से इसे शुरू किया जाएगा।

- अनिल तिवारी
जिला शिक्षा अधिकारी

### दस्तावेज सुधारने में लग गया अधिक समय

ध्यान रहे कि आईडी जनरेट होने में सिर्फ 10 मिनट का समय लगता था, लेकिन स्टूडेंट का रिकॉर्ड समान नहीं होने की स्थिति में आधार को अपडेट करवाना ज्यादा मुश्किल हो गया। इसके साथ ही स्कूलों में यू-डाइस डाटा मैच नहीं होने की सबसे बड़ी वजह आधार कार्ड में गलतियों को ही बताया गया। ऐसे में स्कूलों के साथ ही कैफे संचालकों के पास जाने पर उन्हें सही जानकारी नहीं दी गई। इस बारे में पालकों ने कहा कि अगर डेट ऑफ बर्थ गलत है और उसे सुधारना है तो कैफे संचालक पहले तो आधार को अपडेट करवाते हैं और बाद में डेट ऑफ बर्थ सुधारते हैं। ऐसे में एक महीने का समय अधिक लग गया। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए स्कूलों में कैंप नहीं लगाए जाने की वजह से प्रभावित स्टूडेंट्स को आधार केंद्र जाकर अपना आधार अपडेट कराना पड़ा।

### कई छात्रों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं

अधिकारियों के मुताबिक इस प्रक्रिया में कई तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि अपार आईडी कार्ड बनाने के लिए बच्चों का आधार कार्ड होना जरूरी है और इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। कई बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, जिसके कारण उनका आधार कार्ड बनाना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा कुछ बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक डाटा अपडेट नहीं है, जिससे उनका आईडी नंबर जारी नहीं हो पा रहा है। इसके कारण छात्रों के स्थानांतरण में भी परेशानी हो रही है, क्योंकि एक स्कूल से दूसरे स्कूल में प्रवेश के समय उनका परमानेंट एजुकेशन नंबर (पेन) सक्रिय नहीं हो पाता।

## कर्मचारियों की कमी ने खोली बिजली विभाग की पोल

## कई इलाकों में रात भर नहीं आई बिजली





टिकरापारा में कार के ऊपर पेड़ टूटकर गिरने से मोहल्लेवासियों ने जमकर हंगामा मचाया।

# एक दिन की आंधी ने स्मार्ट सिटी की धज्जियां उड़ाईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर कहने को स्मार्ट सिटी है, लेकिन यहां की बिजली व्यवस्था ने गांव से बदतर स्थिति पैदा कर दी है। शनिवार की दोपहर को आई आंधी ने ऐसा कहर बरपाया कि बिजली विभाग के अधिकारियों की रातों की नींद उड़ गई। इस दौरान पूरे शहर में ब्लैक आउट रहा और आधे शहर में रात 12 बजे तक बिजली नहीं पहुंच सकी। वहीं कुछ इलाकों में 28 घंटे बाद भी बिजली सप्लाई नहीं की जा सकी, शहर के लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो सका।

- बिजली गैंग के पास नहीं था सामान, इसलिए होती रही देरी

शनिवार को शहर में आए चक्रवाती तूफान ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया, इसके निशान 30 घंटे बाद भी शहर में रहे। जहां कालोनी और मोहल्लों में रात भर बिजली नहीं पहुंची और पूरा शहर रतजगा करता रहा, लोग रात में शहर की सड़कों पर घूमते नजर आए। रविवार को भी कई इलाकों में शाम तक बिजली बहाल नहीं हो सकी। खास बात यह है कि बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर लोगों में खासा रोष रहा, भले ही अंधड़ की गति तेज रही और कई पेड़ बिजली तारों पर उलझे, लेकिन बिजली व्यवस्था को सुधारने वाले विभाग के पास कर्मचारी और संसाधनों की कमी देखी गई। इसी के चलते सुधार कार्य में काफी समय लगा, जिसके चलते उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हाल यह है कि बिजली विभाग के अधिकारी रात 12 बजे तक 33 केवी लाइनों के सबस्टेशन को शुरू नहीं करा सके। रात भर काम करने के बाद महज गिने चुने सबस्टेशन व फीडर ही चालू किए जा सके। 11 केवी की लाइन कुछ हद तक दुरूस्त की जा सकी, लेकिन 30 घंटे बाद भी एलटी लाइनों की सप्लाई दुरूस्त करने में विभाग पीछे रह गया। जहां शहर की बिजली व्यवस्था दूसरे दिन भी चौपट रही, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रात 12 बजे के बाद अधिकांश क्षेत्रों में सप्लाई नार्मल हो गई थी।

### इन इलाकों में रात भी नहीं आई बिजली

टिकरापारा, विद्या उप नगर, मसानगंज, चिंगराजपारा, जूना बिलासपुर, शनिवारी, कोनी, ढेका, तिफरा, सूर्या विहार, नेहरू नगर, कस्तूरबा नगर, मंगला जैसे क्षेत्रों में बिजली सप्लाई ठप रही और रात तक बिजली नहीं पहुंच सकी।

### पूरे शहर में फैला कचरा

अंधड़ की वजह से पूरे शहर में कचरा फैला रहा, नगर निगम की सफाई गाड़ी नदारद रही, सुबह सवेरे मॉर्निंग वाक में निकलने वाले लोगों ने शहर का हाल देखा तो थोड़ी देर के लिए ठिठक गए। सड़क के किनारों पर बिजली के तार लटकते रहे, कहीं-कहीं पेड़ की डंगाल दीवारों पर टिकी दिखाई दीं।



### फ्यूज कॉल सेंटर से भागे आपरेटर

शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले गोलबाजार और नेहरू नगर जोन का हाल बेहाल रहा, यहां जोन कार्यालय में बने फ्यूजकॉल से कर्मचारी नदारद रहे और उपभोक्ताओं का गुस्सा देखते हुए फ्यूजकॉल आपरेटर भाग खड़े हुए। बताया जा रहा है कि अधिकारियों ने ही उन्हें कार्यालय छोड़ने की सलाह दी थी। सुबह 10 बजे के बाद फ्यूजकॉल के आपरेटर कार्यालय में वापस आ सके।



### 28 घंटे बाद बहाल हुई बिजली

स्मार्ट सिटी का दायरा काफी कम है, महज 5 किमी की दूरी में स्मार्ट सिटी की परिधी खत्म होती है, लेकिन खास बात यह है कि बिजली व्यवस्था को सुधारने में अधिकारियों को 28 से 30 घंटे का समय लग गया। मिशन अस्पताल के पास टूटे तारों के कारण मसानगंज, सरजू बगीचा गली, सुक्खू बाड़ा, मध्यनगरीय चौक, पुलिस लाइन जैसे क्षेत्रों में 28 घंटे के बाद बिजली पहुंची। यह सभी इलाके स्मार्ट सिटी के दायरे में है। वहीं कोनी क्षेत्र में भी 33 व 11 केवी की लाइन शुरू करने में विभाग को 26 घंटे का समय लग गया। यहां एक साथ 6 से 7 बड़े पेड़ सीधे बिजली की तारों पर गिर गए थे, जिसे हटाने के लिए विभाग को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विकास नगर, तिफरा में 20 घंटे तक बिजली बंद रही, इस दौरान लोग पानी को तरसते रहे।

**बिजली कर्मियों से मारपीट :** बताया जा रहा है कि ईमलीभाठा और अशोक नगर में बिजली सुधार के लिए निकले फ्यूज कॉल गैंग के लाइनमेन और स्टाफ के साथ लोगों ने मारपीट की। इस दौरान गैंग को रोका और झगड़ा करने के लिए आमादा हो गए। गाड़ी में भी तोड़फोड़ करने की कोशिश की, लेकिन वाहन चालक ने पहचान बताकर गाड़ी सहित स्टाफ को बड़ी मुसीबत से बचा लिया।

**पेट्रोल पंप बंद लगता रहा जाम :** कई पेट्रोल पंप रात के बाद बंद हो गए थे, इस दौरान लोग सुबह सवेरे पुलिस लाइन पेट्रोल पंप पहुंच। बिजली नहीं होने के कारण पंप को बंद कर दिया गया, लोगों के बाद एक आते रहे और कई घंटों तक पेट्रोल पंप बंद रहा। सबसे ज्यादा मुसीबत डेयरी और बेकरी वालों को उठानी पड़ी, बिजली नहीं होने से कूलिंग सिस्टम ठप रहा और सामान खराब होते रहे।

# 42 पंप हुए बंद

## 10 हजार घरों में नहीं पहुंचा सुबह का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली व्यवस्था के ठप पड़ते ही शहर में पानी के लिए भी हाहाकार मचने लगा। जैसे तैसे शनिवार की रात कट गई लेकिन रविवार की सुबह से ही पानी के लिए कोहराम मचने लगा। दरअसल बिजली के तारों में कई पेड़ के डंगाल टूट के गिर गए थे, वहीं खंभे तक उखड़ चुके थे, जिसके चलते शहर के 42 पानी पंपो में करंट नहीं पहुंच रहा था, ऐसे में सप्लाई बाधित रही।

शनिवार की शाम और रविवार की सुबह शहर में पानी के लिए जद्दोजहद मचती रही, इस दौरान नगर निगम ने पानी सप्लाई की बागडोर संभाली और पंपों के बंद होने पर खूंटाघाट से पानी सप्लाई करने की नौबत आन पड़ी। बताया जा रहा है कि शहर में लगे 42 पंप कनेक्शनों की सप्लाई ठप रही, नगर निगम ने व्यवस्था संभालते हुए 34 टैंकरों को सुबह 11 बजे तक शहर के अलग-अलग हिस्से में पहुंचाया। वहीं जहां के पंप चल रहे थे उन्हें भी अतिरिक्त समय पर चलाए रखा, लेकिन इसके बावजूद शहर के कई हिस्सों में पानी के लिए हाहाकार मचता रहा। इस दौरान गर्मी और उमस भी जबरदस्त रही, ऐसे में कूलर के लिए भी पानी की जरूरत पड़ी। कतियापारा, पुलिस लाइन, कुदुदंड, देवरीखुर्द, तोरवा, मसानगंज, चिंगराजपारा, अपोलो रोड, तेलीपारा, जूना बिलासपुर, बसस्टैंड सहित 3 दर्ज से ज्यादा जगहों पर पानी के टैंकर भेजे गए।

- निगम ने संभाली व्यवस्था, 34 टैंकर से भेजा पानी
- 12 बजे के बाद पंप का कनेक्शन जुड़ा, तब शाम को सप्लाई हुई नार्मल

### पानी लेने को लेकर झूमाझटकी

लोग सुबह से ही पानी का इंतजार करते रहे। इस दौरान निगम की पाइप लाइन में पानी आ रहा था, लेकिन इसकी धार कम रही, मोहल्लो में लगे पंप बंद होने के कारण फोर्स आधी ही रही। ऐसे में पानी भरने को लेकर उदईचौक, कतियापारा और नागोराव शेष स्कूल के पास लोगों के बीच पानी को लेकर झुमाझटकी तक की नौबत आ गई। हालांकि लोगों ने मजबूरी समझी और टैंकर के आने के बाद स्थिति नार्मल हो गई।




### बाल्टी और ड्रम लेकर दौड़े लोग

गर्मी का समय है, ऐसे में पानी की खपत भी अधिक हो चुकी है। आमतौर पर शहर में 5 से 7 टैंकर ही रोजाना भेजे जाते हैं, लेकिन बिजली फाल्ट के चलते पानी सप्लाई नहीं हो सकी और निगम को 34 टैंकर भेजने की जरूरत पड़ी। टैंकर को देखकर लोग बाल्टी और ड्रम लेकर दौड़ने लगे। निगम कर्मियों ने लोगों से अपील की और महज बाल्टी में पानी भरने के लिए कहा, इस दौरान कहा सूनी भी हुई।

#### अपने पिता का नाम बदलकर फर्जी डिग्री से कार्डियोलाजिस्ट बनकर कर रहा था लोगों का इलाज

# एसएसपी ने अपोलो हास्पिटल के फर्जी डाक्टर से डेढ़ घंटे की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने सरकण्डा थाने में अपोलो हास्पिटल के फर्जी डाक्टर से डेढ़ घण्टे तक पूछताछ की। इस दौरान पाया आरोपी डाक्टर अपना व पिता का नाम बदलकर फर्जी डिग्री से कार्डियोलाजिस्ट बनकर लोगों का इलाज कर हार्ट का आपरेशन कर रहा था। उन्होंने अधिकारियों को सारे दस्तावेज की सूक्ष्मता से जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है।


रविवार की दोपहर एसएसपी रजनेश सिंह ने सरकण्डा थाने पहुंचकर अपोलो के फर्जी डा. नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव से डेढ़ घण्टे तक डिग्री को लेकर विस्तृत पूछताछ की। एसएसपी श्री सिंह ने बताया, डा. नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव मूलतः उत्तर प्रदेश कानपुर का रहने वाला है। उसने अपने व पिता का नाम बदलकर नरेन्द्र जॉन केम के नाम से फर्जी एमआरसीटी की डिग्री बनाकर अपोलो हास्पिटल, दमोह व विदेशो में कार्डियोलाजिस्ट बनकर नौकरी की, वह मरीजों के हार्ट का आपरेशन कर रहा था। उन्होंने जांच टीम के अधिकारियों को नए सिरे मामले की जांच करते हुए उससे सारे दस्तावेज जब्त कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है।



बहरहाल अब तक अपोलो हास्पिटल फर्जी डा. यादव का डिग्री पुलिस के पास पेश नहीं कर पाई है। जांच टीम फर्जी डाक्टर से लगातार पूछताछ करने में लगी हुई है।

# बिजली चोरी मामले में एसईसीएल विजिलेंस ने दो इलेक्ट्रिक फोरमेन को किया निलंबित

**बिलासपुर।** एसईसीएल की कॉलोनियों में बिजली चोरी के प्रकरणों पर विजिलेंस डिपार्टमेंट ने सख़्ती दिखाई है। अवैध विद्युत कनेक्शन की शिकायत पर कंपनी के जमुना-कोतमा क्षेत्र के दो इलेक्ट्रिक फोरमैन को एरिया प्रबंधन ने आज निलंबित कर दिया है। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से एरिया के जमुना टाउनशिप में लगातार अवैध बिजली कनेक्शन की शिकायतें मिल रही थी । बताया जाता है कि टाउनशिप में अवैध रूप से रह रहे लोग तथा कार वाशिंग सहित अन्य कई दुकानदार अवैध कनेक्शन का उपयोग कर एसईसीएल को करोड़ों का चूना लगा रहे थे। इनसे खदानों की विद्युत सप्लाई लाइन भी प्रभावित होती थी। इन शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए सतर्कता विभाग ने सभी संचालन क्षेत्रों को पॉवर ऑडिट कर वास्तविक विद्युत आवश्यकता को परखने का निर्देश दिया था। साथ ही अवैध कनेक्शनों को तत्काल प्रभाव से बंद करने तथा जिम्मेदारों के विरुद्ध सख़्त कारवाई के निर्देश दिए थे। एसईसीएल विजिलेंस टीम के कड़े रूख से सभी संचालन क्षेत्रों ने अवैध बिजली कनेक्शनों पर तत्काल एक्शन लेना शुरू कर दिया है।



## खबर संक्षेप

### जल जीवन मिशन से लोगों को नहीं मिल रही राहत, सफेद हाथी बना करोड़ों की पानी टंकी

**हरदीबाजार।** पाली ब्लाक अंतर्गत कोरबी (धतुरा) में एक जल जीवन मिशन के तहत गांव के सभी घरों में पानी पहुंचाए जाने के लिए पानी टंकी व नल कनेक्शन का निर्माण किया गया है लेकिन हकीकत में इस योजना से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। यह ग्राम पंचायत कोरबी धतुरा में देखा जा सकता है। यहां करोड़ों की लागत से 3 पानी टंकी का निर्माण कर तो दिया गया है किंतु आम लोगों को भीषण गर्मी में भी पानी नसीब नहीं हो रही है। ग्रामवासी अजय कंवर का कहना है कि पिछले वर्ष पानी टंकी बनाया गया है लेकिन आज तक इसमें पानी नहीं भरा गया है और ना ही पानी की सप्लाई की जा रही है। करोड़ों की लागत सें हर घर जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है। एक तरफ ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं आखिर ग्रामीणों को इस महत्वाकांक्षी योजना से कब तक ग्रामवासियों क़ो लाभ मिल पाएगा लेकिन योजना से जुड़े ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारी जरूर मालामाल हो गए हैं। योजना के तहत पानी टंकी, पाइप लाइन, नल कनेक्शन आदि का निर्माण जोर-शोर से किया गया लेकिन पानी नसीब नहीं हो रहा है।

### जिले में गौवंश की अवैध तस्करी का मामला हुआ उजागर



**कोरबा।** जिले में गौ तस्करी के एक गंभीर मामले का खुलासा हुआ है। बजरंग दल को सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि इमलीदुग्गु, सीतामणी चौक क्षेत्र से एक वाहन के माध्यम से गौ-वंश की अवैध तस्करी की जा रही है। प्राप्त सूचना के आधार पर शनिवार की रात्रि 11.45 बजे बजरंग दल के सदस्य मौके पर पहुंचे। इस दौरान वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएल 4143 में दो बैल को बांधकर ले जाया जा रहा था। जब वाहन चालक उन्होंने पू तो उसने कोई उत्तर नहीं दिया और अपनी पहचान छिपाने का प्रयास करता रहा। इस घटना के बाद विश्व हिन्दू परिषद ने कोतवाली थाना प्रभारी को लिखित में शिकायत सौंपते हुए मांग की है कि इस प्रकार की गौ-तस्करी व पशु क्रूरता के मामलों में तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए।

### हास्य कवि हीरामणी ने दो महीने में दी 21 प्रस्तुति



**कोरबा।** बालको के सुप्रसिद्ध कवि हीरामणी वैष्णव अपनी कविताओं से पूरे देशभर में धूम मचा रहे हैं। सोशल मीडिया के प्रत्येक प्लेटफॉर्म चाहे वो यूट्यूब हो या फेसबुक या इंस्टाग्राम हर प्लेटफॉर्म पर वायरल श्री वैष्णव की लोकप्रियता न केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित है बल्कि वे देश के भिन्न-भिन्न राज्यों के कवि सम्मेलनों में लगातार आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिसका अंदाज़ा केवल इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने पिछले दो माह में ही 6 अलग-अलग राज्यों में कुल 21 कवि सम्मेलनों में प्रस्तुति देकर रिकॉर्ड बना दिया है। श्री वैष्णव ने बताया कि इस उपलब्धि में उनकी माता धनेश्वरी वैष्णव व उनके गुरुजनों सहित बालको-वेदांता सीईओ राजेश कुमार, मेटल सीईओ आरके सिंह, सीएचआरओ प्रज्ञा पांडेय, एचआर हेड (मेटल) राहुल सिंह, सीसी हेड सुची मिश्रा, पॉटलाइन हेड निकेत श्रीवास्तव, एसबीयू हेड प्रकांत सिन्हा, रूम इंचार्ज मनोज रमैया, रंजन मिश्रा, शिफ्ट सुप्रिटेंडेंट धनेश वर्मा, जैनेंद्र शर्मा, संतोष साहू, अनूप तिर्की, पुनीत पांडेय, शैलेंद्र जायसवाल, सीएच मुरली, मनीष शांडिल्य, मनीष साहू, शिफ्ट इंचार्ज रविंद्र भौमना, अविनाश साहू सहित बालको इंटक के महासचिव जयप्रकाश यादव के अलावा समस्त सहकर्मी बंधुओं का विशेष योगदान है।

### सांसद प्रतिनिधि पोषक ने मनाया जन्मदिन



**दीपका।** सांसद प्रतिनिधि पोषक महंत ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर प्रगतिनगर दीपका में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें परिवारजनों व ईष्ट मित्र शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत प्रगति नगर स्थित दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई, जहाँ श्री महंत ने नगरवासियों के स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं समृद्ध भविष्य के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात परिवार और करीबी मित्रों के साथ केक काटा गया एवं कबीर पंथी साथियों को स्नेह भोज कराया गया, जिनसे उन्होंने आशीर्वाद भी प्राप्त किया। रात 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें सुर संगीत कोकिला, भजन, ग़ज़ल एवं लोकगायिका पतीरका खुसरेंगा (रतनपुर, पाली) की संगीतमय प्रस्तुति ने समां बांध दिया। हम तेरे शहर में आए हैं जैसी ग़ज़लों पर उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध होकर झूम उठा। कार्यक्रम देर रात तक चला, जिसमें नगरवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और आयोजन का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर बधाइयों का तांता लगा रहा। नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद महंत दंपति ने दूरभाष पर शुभकामनाएँ दीं। समाजसेवी केदारनाथ अग्रवाल, पीसीसी संयुक्त महामंत्री शिव सिंह ठाकुर, सचिव नवीन सिंह, श्रीमती विभा साहू सहित कई गणमान्य नागरिकों ने जन्मदिन की बधाई दीं।

## विमोचन समारोह में वरिष्ठ साहित्यकारों को किया गया सम्मानित

# साहित्यिक स्मारिका कोरवा के विमोचन कार्यक्रम में उद्योग मंत्री और महापौर हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिन कोरवा व अन्य आदिवासियों के कारण इस जगह का नाम कोरबा पड़ा उन कोरवाओ को साहित्यकारों ने अपनी कृति में स्थान दिया इसके लिए सब बधाई के पात्र है। उन्होंने बताया कि आदिवासियों की चिंता प्रदेश और देश की सरकार भी कर रही है, श्री देवांगन ने साहित्यकारों के जरिए कोरबावासियों को भरोसा दिलाया की जो काम अधूरा है, उसे पूर्ण करने के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार दृढ़ संकल्पित है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन साहित्यिक स्मारिका कोरवा के विमोचन कार्यक्रम के दौरान कही। शनिवार को पंडित मुकुटधर पांडे साहित्य भवन में आयोजित विमोचन एवं सम्मान समारोह में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर संजू देवी राजपूत और पूर्व महापौर जोगेश लांबा शामिल होकर साहित्यकारों के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। पंडित मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन में आयोजित स्मारिका विमोचन और सम्मान समारोह कोरबा के साहित्यकारों के लिए ऐतिहासिक था, क्योंकि पहली बार यहां के साहित्यकारों द्वारा ऐसी स्मारिका का विमोचन किया गया। जिसमें लगभग डेढ़ सौ साहित्यकारों की रचनाओं का समावेश है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पूर्व महापौर जोगेश लांबा ने इस स्मारिका कोरवा का विमोचन किया। इस अवसर पर साहित्यकारों ने मंत्री, महापौर और पूर्व महापौर का आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात दीर्घकाल से साहित्य सेवा करने वाले वरिष्ठ साहित्यकारों और इस तरह के अन्य क्षेत्र में सक्रिय रहने वालों को भी सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री, महापौर एवं अन्य।

महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा कि हम सब मिलकर कोरबा और प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने का हर संभव प्रयास करेंगे। पूर्व महापौर जोगेश लांबा ने साहित्यकारों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि क्षेत्र, प्रदेश और देश की तमाम विसंगतियों को अपनी लेखनी के माध्यम से लोगों के समक्ष लाने वाले कवियों ने कोरबा का नाम खूब रोशन किया है। साहित्य भवन समिति के संरक्षक मोहम्मद यूनुस, कमलेश यादव, अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में साहित्य भवन के निर्माण से लेकर अब तक सहयोग देने वालों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा करी। विमोचन और सम्मान समारोह का संचालन समिति के सचिव डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा ने किया। इस अवसर पर जिले के अलावा बिलासपुर, रायगढ़, जांजगीर के साहित्यकारों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## मत्स्य निरीक्षक परीक्षा में कटघोरा की हिंगलाज को मिला 9वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



छत्तीसगढ़ मत्स्य निरीक्षक परीक्षा 2025 के परिणाम में कटघोरा क्षेत्र की कु. हिंगलाज साहू ने पूरे प्रदेश में 9वां स्थान तथा कोरबा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस गौरवपूर्ण सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी की लहर है, बल्कि पूरे जिले में गर्व और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

कु. हिंगलाज साहू वार्ड क्रमांक 10, पुरानी बस्ती, कटघोरा की निवासी हैं। उनकी माता श्रीमती पार्वती साहू ने अपनी बेटी की शिक्षा और भविष्य संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पिता के असमय निधन के बाद भी हिंगलाज ने हार नहीं मानी, बल्कि और अधिक संकल्पित होकर पढ़ाई में जुट गईं। उन्होंने अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय अपनी माता एवं गुरुजनों को दिया है, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से वे इस मुकाम तक पहुंच सकीं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद श्रीमती सुनीता आशीष जायसवाल स्वयं उनके घर पहुंचीं और हिंगलाज को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी इसअवसर पर वार्ड नं 3 के पार्षद किशोर दिवाकर भी उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि हिंगलाज की मेहनत, लगन और आत्मविश्वास हर उस युवा के लिए प्रेरणा है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य को पाने की ललक रखता है। पार्षद ने कहा कि इस तरह की सफलता पूरे समाज और विशेष रूप से महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। कु. हिंगलाज साहू की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के समाजसेवियों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने भी खुशी व्यक्त की है और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं

# विधायक प्रेमचंद ने किया लोटनापारा तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

उतरदा लोटनापारा के ग्रामवासियों की मांग पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने गेलहा तालाब के गहरीकरण हेतु एसईसीएल दीपका प्रबंधन को पत्र लिखकर जनहित में तालाब गहरीकरण करने पोकलेन मशीन की मांग रखी जिसे एसईसीएल दीपका प्रबंधन ने पोकलेन मशीन तालाब गहरीकरण के लिए दी। ग्रामीण ईश्वर पटेल ने बताया की यह लोटनापारा का एक मात्र निस्तारी तालाब है जिसमें पूरे मोहल्ले से लगभग प्रतिदिन 3 सौ से अधिक लोग निस्तारी करते हैं। इस तालाब का गहरीकरण लगभग 50 वर्ष बाद हो रहा है। गहरीकरण कार्य में हम सभी ग्रामवासी भी सहयोग कर रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने तालाब गहरीकरण के आरंभ पूर्व कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल से पूजा-अर्चना कर कार्य प्रारंभ कराया गया। इस मौके पर पूर्व सभापति पाली मुकेश जायसवाल, पूर्व सरपंच जनकराम पोर्त, रवि जायसवाल, कृषि मरावी, ईश्वर पटेल, नंदलाल पटेल उपस्थित रहे।



तालाब गहरीकरण का शुभारंभ करते विधायक श्री पटेल।

# अंबिकापुर कोरबा रेल लाइन का काम होगा जल्द शुरू, दिल्ली की कंपनी कर रही फाइनल सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंबिकापुर कोरबा रेल लाइन निर्माण से पहले फाइनल लोकेशन सर्वे (अंतिम स्थान सर्वेक्षण) का काम आरंभ हो गया है। यह कार्य दिल्ली की कंपनी एलएन मालवीय इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इस कार्य के लिए साढ़े चार करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

**खास बात**
- 207 किलोमीटर तक बिछेगी नई रेललाइन

सर्वेक्षण टीम विभिन्न संभावित रास्तों का मूल्यांकन कर रही है और यह तय कर रही है कि कौन सा रास्ता अदक्ष होता राह देखते हुए कि क्या वह तकनीकी रूप से संभव है और पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालता है। अंतिम स्थान सर्वेक्षण परियोजना के लिए सबसे उपयुक्त मार्ग को खोजने के लिए किया जाता है। यह विस्तृत और सटीक होता है इसी के माध्यम से सर्वेक्षण टीम तय करती है कि कौन सा रास्ता परियोजना के लिए सबसे अच्छा है। इसी आधार पर रिपोर्ट तैयार कर जमा किया जाएगा। रेणुकूट से अबिकापुर होते कोरबा को जोड़ने के प्रस्ताव में अंबिकापुर-कोरबा रेल लाइन के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण बेहद जरूरी था। कोरबा से अंबिकापुर होते रेणुकूट तक नई रेल लाइन के लिए वर्ष 2020-21 में सर्वे कराया गया है। इस सर्वे में कोरबा से रेणुकूट तक नई रेल लाइन की दूरी 351.70 किलोमीटर बताई गई है। इसमें कोरबा से अंबिकापुर तक 207 किमी तथा अबिकापुर से रेणुकूट तक की दूरी 144 किमी बताई गई है। सर्वे में इस रेल लाइन निर्माण में कुल लागत 4973.84 करोड़ आकी गई है। इसी सर्वे के साथ गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) से बचेली तक (बीजापुर) होते नई रेल लाइन के अंतिम स्थान सर्वेक्षण के लिए 1225 लाख स्वीकृत किए गए हैं। यह 490 किमी लंबी रेल लाइन है।



फाइल फोटो

# पुष्पवाटिका कटघोरा के पास शीघ्र शुरू होगा चौपाटी का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका परिषद कटघोरा द्वारा नगर के सौंदर्यीकरण एवं खाद्य विक्रेताओं के सुव्यवस्थित संचालन की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। वार्ड क्रमांक 2, पुष्पवाटिका के समीप एक आधुनिक चौपाटी का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जो आने वाले कुछ ही दिनों में जनता के लिए उपलब्ध हो जाएगी।

इस चौपाटी निर्माण हेतु 25.55 लाख रुपए की राशि जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत की गई थी। यह स्थल नगर में बेतरतीब रूप से लगे चाट, गुपचुप, मोमोस एवं अन्य स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को एक निश्चित और सुव्यवस्थित स्थान प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। वर्तमान में नगर में विभिन्न क्षेत्रों में लगे ठेले न केवल अव्यवस्था फैलाते हैं, बल्कि यातायात व स्वच्छता व्यवस्था में भी बाधा उत्पन्न करते हैं। इन सभी समस्याओं के समाधान के रूप में इस स्थायी चौपाटी की परिकल्पना की गई है। चौपाटी स्थल पर लगभग 20 से 21 मई के बीच संचालन शुरू किए जाने की संभावना है। इस हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा व्यवसायियों का सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिसमें उन विक्रेताओं की पहचान की जा रही है जो यहां अपने खाद्य स्टॉल लगा सकेंगे। इस चौपाटी में स्थानीय जनता को एक ही स्थान पर स्वच्छ, सुरक्षित और विविध प्रकार के लज़ीज़ व्यंजन उपलब्ध होंगे, जिससे न केवल खाद्य संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय व्यापारियों को भी स्थायी रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही नगर की सौंदर्य और स्वच्छता व्यवस्था को भी एक नई दिशा मिलेगी। नगर पालिका परिषद का यह प्रयास शहर के विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। आने वाले समय में यह चौपाटी न केवल स्थानीय नागरिकों के लिए स्वाद और मनोरंजन का केंद्र बनेगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से आने वाले पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र भी बनेगा।



# शहर के चार केंद्रों में हुई नीट की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ में राष्ट्र व्यापी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट का आयोजन प्रदेश के कई शहरों में आयोजित की गई। इसी कड़ी में जिले के शहरी क्षेत्र में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें 16 सौ से अधिक परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था।

इस वर्ष अधिकांश परीक्षा केंद्र सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों में पड़े हैं जिसमें छात्र छात्राएं एग्जाम दे रहे हैं। इस बार सिर्फ सरकारी संस्थानों में नीट के परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एग्जाम सेंटर्स पर तीन लेयर की सुरक्षा नीट यूजी एग्जाम के लिए तीन लेयर के सुरक्षा व्यवस्था की गई है जिसमें जिला, राज्य और केंद्र स्तर पर सुरक्षा तय की गई है। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा की व्यवस्था है। इसके साथ ही पुलिस सुरक्षा के तहत प्रश्नपत्रों का परिवहन कर सेंटर्स तक एग्जाम पेपर पहुंचाए गए हैं नीट एंट्रेंस परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली। शहर के पीजी कॉलेज में 480 पंजीकृत थे जिसमें 466 उपस्थित रहे वहीं 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह एनटीपीसी केंद्रीय विद्यालय 2 में 339 पंजीकृत थे जिसमें 316 उपस्थित व 13 अनुपस्थित रहे।

इन परीक्षा केंद्रों के अलावा गोपालपुर केंद्रीय विद्यालय और एकलव्य विद्यालय छुरी को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा सेंटर्स पर स्टूडेंट्स की बारीकी से जांच पड़ताल की गई। कैंडिडेट्स को गैजेट घड़ी या अन्य सामग्री परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा केंद्रों पर लगातार घोषणा कर छात्र छात्राओं को बताया जा रहा है कि उन्हें परीक्षा से संबंधित क्या चीज लेकर जाना है और क्या चीज लेकर नहीं जाना है।

**खास बात**
- पीजी कॉलेज, केवी 2, एकलव्य स्कूल बने थे केन्द्र



परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुलाराम पटेल पिता ननकीराम जाति मरार निवासी ग्राम रलिया तहसील दीपका द्वारा आवेदक के नाम पर ग्राम रलिया प.ह.न. 51 तहसील दीपका में स्थित भूमि ख.न. 28/15, 28/16, 30/25, 30/26, 30/27, 32/11 कुल रकबा 0.363 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल गेवरा परियोजना द्वारा अर्जन कर लिये जाने से अर्जन के एवज में अपने पुत्र रामकृष्ण पटेल को रोजगार हेतु नामांकित कर वंशवृक्ष सत्यापन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 16/05/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 30/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार दीपका**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## हेल्थ प्लस

### कोरबा में मेट्रोसिटी जैसी हृदय रोग सेवाएं मिलने से बड़ी राहत



**कोरबा।** शहर और आसपास के मरीजों को दिल की जाँच व इलाज के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ती बल्कि सर्वोत्तम हृदय रोग जांच व उपचार की सेवाएं आपके अपने शहर कोरबा में उपलब्ध हैं। न्यू कोरबा हॉस्पिटल कोरबा हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर रहा है। सुप्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सतीश सूर्यवंशी और उनकी विशेषज्ञ टीम ने मात्र दो दिनों में 6 एंजियोप्लास्टी और 9 एंजियोग्राफी की प्रक्रियाएँ सफलतापूर्वक पूरी की। हृदय रोग से सम्बन्धित 50 से अधिक मरीजों ने परामर्श लिया, यह एनकेएच कोरबा की विशेषज्ञता और मरीजों के बीच बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। इस माह 13-14 मई डॉक्टर एसएस मोहंती व 30 मई 1 जून को डॉक्टर सतीश सूर्यवंशी सर एन के एच में सभी हृदय सम्बन्धी परामर्श ०प्रक्रिया के लिए उपलब्ध रहेंगे। एनकेएच के डायरेक्टर डॉ. एस चंदानी ने कहा है कि हम अपने यहां आने वाले मरीजों हृदय सम्बन्धी रोगियों को गुणवत्तापूर्ण सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मरीजों के बीच बढ़ता विश्वास हमारे चिकित्सा टीम का मनोबल मजबूत कर रहा है। उन्होंने बताया कि एनकेएच ने अपनी स्थापना के बाद से ही सेवाओं और सुविधाओं को निरंतर अत्याधुनिक और उत्कृष्ट बनाने की दिशा में सफल प्रयास व कार्य किया है। वर्तमान में एक ही छत के नीचे हम हृदय रोगियों को मेट्रो सिटी स्तर की कार्डियक तकनीक और उपचार का लाभ दे रहे हैं। अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम है। सातों दिन 24 घण्टे कार्डियक इमरजेंसी सेवा उपलब्ध है। अत्याधुनिक कैथ लैब के साथ पेसमेकर की सुविधा के अलावा इको, टीएमटी, हॉल्टर सुविधा मरीजों के जीवन की रक्षा करते हैं।

## कोरबा मार्केट









4 korba-pg4_Layout 1 5/4/2025 11:27 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### चिकित्सा जांच शिविर का किया गया आयोजन

**कोरबा।** एनटीपीसी द्वारा बालिका सशक्तिकरण मिशन 2025 की आगामी गतिविधियों में भाग लेने वाली प्रतिभागियों के लिए एनटीपीसी अस्पताल में एक व्यापक चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया गया। यह सक्रिय पहल एनटीपीसी की युवा बालिकाओं के समग्र विकास और उनके स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। चिकित्सा शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसे कि ऊंचाई और वजन मापन, दृष्टि परीक्षण, हीमोग्लोबिन स्तर की जांच तथा अनुभवी चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा सामान्य शारीरिक परीक्षण किया गया। प्रत्येक प्रतिभागी की संपूर्ण जांच के लिए समर्पित स्वास्थ्य टीम ने पूरी सावधानी और सहानुभूति के साथ कार्य किया। इस शिविर में कुल 101 पंजीकृत बालिका सशक्तिकरण मिशन प्रतिभागियों में से 93 बालिकाओं की सफलतापूर्वक जांच की गई, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि अधिकतर प्रतिभागियों को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हुईं। शिविर का संचालन डॉ.विनोद कोल्हटकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रतिभा अर्चना दास, वरिष्ठ परामर्शदाता की देखरेख में किया गया। जिन्होंने प्रत्येक बालिका की समग्र और संवेदनशील जांच सुनिश्चित की। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक राजीव खन्ना, मैत्री महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती रोली खन्ना ने शिविर का दौरा किया।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में सेमिनार का हुआ आयोजन

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, जमनीपाली में चल रहे समर कैंप के अंतर्गत 1 मई को पुरातात्विक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस शैक्षिक कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुरातत्व विज्ञान, जिले की ऐतिहासिक विरासत और मानव सभ्यता के विकास के बारे में जागरूक करना था। इस सेमिनार के मुख्य संसाधन व्यक्ति हरि सिंह छत्तरी थे, जो जिला पुरातत्व विभाग से जुड़े हैं और वर्तमान में जिला संग्रहालय, कोरबा के प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पुरातत्व के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और यह समझाया कि किस प्रकार यह विज्ञान हमें हमारे अतीत से जोड़ता है। श्री छत्तरी ने जिले में प्राप्त प्राचीन औजारों और जीवाश्मों (फॉसिल्स) को भी छात्रों के सामने प्रदर्शित किया, जिससे विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से ऐतिहासिक अवशेषों को देखने और समझने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि ये अवशेष कैसे मानव जीवन की विकास यात्रा को दर्शाते हैं। उन्होंने गुफा मानव से लेकर कृषि आधारित समाज और प्रारंभिक स्थायी बस्तियों तक मानव विकास की पूरी प्रक्रिया को बेहद रोचक और संवादात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आया युवक, झुलसा

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बाजार में चेकपोस्ट भदरापारा बालको निवासी सागर धनवार पिता मिथलेश धनवार एक निजी संस्थान में काम करता है। दुकान के संचालक ने उसे छत पर कुछ काम करने के लिए भेजा था, जहां वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इस हादसे में सागर लगभग 80 प्रतिशत झुलस गया और उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और तथ्यों के बारे में पूछताछ की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

### एनसीसी कैडेटों ने फायरिंग रेंज बालको में किया अभ्यास

**कोरबा।** वन सीजी एनसीसी बटालियन द्वारा आयोजित फायरिंग प्रशिक्षण में एनसीसी कैडेटों ने फायरिंग रेंज (बेला) बालको में फायरिंग का अभ्यास किया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सेंथिल कुमार एस ने रेंज पहुंचकर फायरिंग कैडेटों को निशानेबाजी के गुर सिखाए एवं कैडेटों को प्रोत्साहित किया। फायरिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कुलवंत तिर्की ने बताया कि देश की रक्षा पंक्ति में एनसीसी का स्थान तीसरे नंबर पर आता है। सभी कैडेटों को 0.22 राइफल से 25 मीटर रेंज से फायरिंग कराया गया। फायरिंग के दौरान कैडेटों में अनुशासन के साथ जोश दिखाई पड़ा। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्याल हरदीबाजार के कुल 7 कैडेटों ने फायरिंग की।

## शहर में 3 स्थान पर ट्रांसफार्मर हुआ ब्रस्ट, तीन दर्जन से अधिक स्थानों में इंसुलेटर पंचर

# आंधी ने ऐसी मचाई तबाही, 50 स्थान के टूटे तार, तीन दर्जन विद्युत पोल हुए धराशाई

**पिछले 24 घंटे से अधिकारी, कर्मचारियों की टीम लगी है विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शनिवार की दोपहर तेज आंधी तूफान ने शहर व आउटर में ऐसी तबाही मचाई है कि 24 घंटे बाद भी कई इलाकों की विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में विभाग का पसीना छूट गया है। बताया जाता है कि 50 से अधिक स्थानों में शहरी क्षेत्र में तार टूटकर गिर पड़े हैं तो तीन दर्जन से अधिक इंसुलेटर पंचर हैं तो 3 से अधिक ट्रांसफार्मर भी ब्रस्ट हो गए हैं। इस पूरी व्यवस्था को बहाल करने में विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम लगी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि आज देर रात तक पूरे जिले की विद्युत व्यवस्था सुधार ली जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि आज देर रात तक पूरे शहर की विद्युत व्यवस्था बहाल हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि शनिवार की दोपहर मौसम ने एक बार फिर से अचानक करवट बदली और इतनी तेज आंधी और तूफान थी कि शहर के अलग-अलग स्थान में लगे 50 से अधिक स्थान में पेड़ धरशाही होने की वजह से विद्युत तार जगह-जगह टूटकर गिर गए थे तो 40 से अधिक स्थानों में शहर के तीनों जोन में इंसुलेटर पंचर





आंधी तूफान में क्षतिग्रस्त होकर धराशायी विद्युत पोल।

हो गए थे। साथ ही कई स्थानों में ट्रांसफार्मर ब्रस्ट होने की वजह से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गई थी। देर शाम बारिश रुकते ही विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी एक-एक करके विद्युत व्यवस्था बहाल करने में निकले। जहां जगह-जगह धराशाही हुए पेड़ों को काटने में ही पूरा रात निकल गया। कई इलाकों में किसी तरह देर रात को विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका लेकिन ज्यादातर इलाके में अंधेरा छाया रहा। सुबह फिर से विद्युत विभाग की टीम ने अभियान शुरू किया और शहर के तुलसीनगर जोन, पाड़ीमार जोन और दर्री जोन में अलग-अलग टीम विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में जुट गए। जहां सबसे ज्यादा शहर के अलग-अलग इलाकों में टूटे हुए तारों को जोड़ने में विभाग को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। देर शाम तक इसी तरह कुछ इलाकों की विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका लेकिन विद्युत विभाग के डीई रोशन वर्मा ने बताया कि विभाग की टीम हर इलाके में विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में लगी हुई है। देर रात को पूरे शहर की विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया जाएगा।

### बिजली विभाग के खिलाफ चक्काजाम का प्रयास



विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था के खिलाफ उपभोक्ताओं का गुस्सा फूटने लगा है। पुराना बस स्टेंड कोरबा स्थित आदर्श रेडीमेड के सामने बिजली बंद से परेशान व्यापारियों ने चक्काजाम करने का प्रयास किया। चक्काजाम की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाकर मामला शांत कराया। ज्ञात हो कि कोरबा में शनिवार को आए आंधी-तूफान ने आम लोगों की जिंदगी को बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। शनिवार शाम 3 बजे घरों से बिजली गुल हो गई। कहीं रात के 2 बजे तो कहीं सुबह 5 बजे के बाद और कुछ जगहों पर अभी भी बिजली वापस नही आ सकी। पूरी रात ऊर्जाधानी के लोग, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे अंधेरे और मच्छरों की वजह से परेशान होते रहे।

## तीन स्थानों में चोरों ने ताला तोड़कर लाखों का माल किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में चोरों ने तीन स्थानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मकान मालिकों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत रूमगरा ऊपरपारा निवासी पूजा महंत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह वर्तमान में अपने डेढ़सास रम्भा बाई जो कलमी डुग्गू दर्री के पास रहती है तथा बीच-बीच में अपने घर रूमगरा ऊपरपारा आना जाना करती है। 25 अप्रैल से अपने डेढसास के यहां थी

**खास बात**

- बालको और पाली थाना क्षेत्र में हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस

इसी बीच पूजा महंत के पडोसी समीर विश्वकर्मा ने फोन करके बताया कि उसके घर के सामने का दरवाजा खुला हुआ है और ताला टूटा हुआ है तब पूजा महंत अपने घर आकर देखी तो उसके घर के आलमारी का ताला टूटा हुआ था और आलमारी के अंदर रखे सोने का हार, कान का रिंग, नाक का नथनी एवं पूजा महंत के पति का सोने का चैन, 2 नग सोने की अंगूठी एवं चांदी का पायल, कमरबंद एवं नगदी रकम लगभग 40 हजार रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना पाली थाना क्षेत्र में घटित हुई है। ग्राम केराझरिया निवासी निर्मल दास पिता उम्र 57 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह रोजी मजदूरी का काम करता है। 2 मई की सुबह लगभग 8 बजे कोषा आफिस पाली गया हुआ था और निर्मल दास का पुत्र प्रकाशमणी आईटीआई पाली गया हुआ था। प्रकाशमणी आईटीआई पाली से वापस शाम लगभग 5 बजे घर आया तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है, उसके बाद सूचना पर निर्मल दास घर आया और देखा कि घर के अंदर रखे अलमारी का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखा झुमका, टाप्स, दो जोडी चांदी का पायल सहित लगभग 80 हजार रुपए के माल को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। इसी तरह चोरी की तीसरी घटना पाली थाना क्षेत्र में घटित हुआ है। ग्राम चटुवाभौना निवासी यशवंत यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह श्रीराज आर्टोडील पाली में कम्प्युटर आपरेटर का काम करता है। 1 मई को पाली एसबीआई एटीएम से 25 हजार रुपए नगद निकाला था एवं 30 अप्रैल को अपने आफिस से एडवांस 25 हजार रूपये नगद लिया था। 1 मई को ड्यूटी से घर वापस पहुंचकर अपने फूफा बहोरन यादव निवासी दर्राभाठा कटघोरा से मंगाये 50 हजार रूपये नगद कुल 1 लाख रूपये को एक साथ मिलाकर प्लास्टिक के थैला में भरकर अपने घर के बेडरूम में रखा था। जहां यशवंत यादव का जसवंत यादव एवं भांजा ध्रुव यादव सोए थे। यशवंत की सुबह 4 बजे नींद खुली तो उसने देखा तो मोबाइल नहीं था और घर के अन्दर जाकर देखा तो समान इधर उधर बिखरा हुआ था, थैला में रखे नगद 1 लाख रूपये को भी किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोर कर लिया गया। उक्त सभी प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।

## महापौर ने निगम के भण्डार गृह और वर्कशॉप का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने सीएसईबी चौक स्थित निगम के भण्डार गृह और वर्कशॉप का औचक निरीक्षण

**खास बातें**

- अव्यवस्थाओं को देखकर अधिकारियों को लगाई फटकार
- व्यवस्था में कसावट लाने दिए निर्देश

किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने व्याप्त अव्यवस्थाओं और लापरवाही पर निगम के अधिकारियों पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। इसी दौरान आम जनता व उनसे जुड़े मूलभूत वस्तुएं व पूर्व से ही स्टोर में रखे ई रिक्शा, डस्टबिन, मशीनरी, सफाई के अन्य उपकरण के अभी तक वितरण नहीं होने पर नाराजगी जताकर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने व सामग्री का वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को साफ-सफाई के उपकरणों को अनावश्यक रोके जाने का कारण स्पष्ट करने के भी निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राजपूत ने शहर की साफ सफाई, स्वास्थ्य, मूलभुत सुविधाएं व जनहित से जुड़े मुद्दे पर कहा कि किसी समय यदि कमी दिखी तो सम्बंधित अधिकारियों आवश्यक कार्यवाही करें। इस दौरान मौके पर उपस्थित प्रभारी आयुक्त विनय मिश्रा को आवश्यक जाँच कर संबधित शाखा प्रभारी व जिम्मेदार अधिकारियों से कारण बताने व लापरवाही पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने को निर्देशित किया गया।



निरीक्षण करतीं महापौर।

## चार फल तोड़कर जंगल से लौट रहे ग्रामीण पर जंगली सुअर ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ग्रामीण जंगल में चार फल तोड़ने गया हुआ था जहां से चार फल तोड़कर दोपहर को वह वापस अपने घर लौट रहा था कि इसी दौरान शिकारी जंगली सुअर का शिकार करने में लगे हुए थे। इसी दौरान भागने के दौरान जंगली सुअर ने घर वापस लौट रहे ग्रामीण पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। ग्रामीण को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार ग्राम काशीपानी निवासी प्रताप सिंह उम्र 35 वर्ष पिता अघन सिंह अलसुबह रोज की तरह जंगल चार तोड़ने गया हुआ था। जहां से 4 तोड़ कर वह वापस लगभग 1 बजे अपने घर लौट रहा था कि इसी बीच जंगल में कुछ लोग जंगली सुअर का शिकार करने में लगे हुए थे। इस बीच शिकारी से अपने आपको बचाकर भागते हुए जंगली सुअर का सामना प्रताप सिंह से हो गया और जंगली सुअर ने प्रताप सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब वहां मौजूद कुछ ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो प्रताप सिंह के परिजनों को इसकी सूचना दी गई और परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां उसका उपचार चल रहा है।



घायल युवक।

## एसईसीएल के विजलेंस टीम ने दो इलेक्ट्रिक फोरमैन को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की कॉलोनियों में बिजली चोरी के प्रकरणों पर विजिलेंस डिपार्टमेंट ने सख़्ती दिखाई है। अवैध विद्युत कनेक्शन की शिकायत पर कंपनी के जमुना-कोतमा क्षेत्र के दो इलेक्ट्रिक फोरमैन को एरिया प्रबंधन ने रविवार को निलंबित कर दिया है। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से एरिया के जमुना टाउनशिप में लगातार अवैध बिजली कनेक्शन की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। बताया जाता है कि टाउनशिप में अवैध रूप से रह रहे लोग तथा कार वाशिंग तथा अन्य कई दुकानदार आदि अवैध कनेक्शन का उपयोग कर एसईसीएल को करोड़ों का चुना लगा रहे थे। इनसे खदानों की विद्युत सप्लाई लाईन भी प्रभावित होती थी। इस प्रकार की शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए सतर्कता विभाग ने सभी संचालन क्षेत्रों को पॉवर ऑडिट कर वास्तविक विद्युत आवश्यकता को परखने का निर्देश दिया था, साथ ही अवैध कनेक्शनों को तत्काल प्रभाव से बंद करने तथा जिम्मेदारों के विरुद्ध सख़्त कारवाई के निर्देश जारी किए थे। एसईसीएल विजिलेंस टीम के कड़े रूख से सभी संचालन क्षेत्रों ने अवैध बिजली कनेक्शनों पर तत्काल एक्शन लेना शुरू कर दिया है।

## काम दिलाने के नाम पर सरपंच ने की थी उगाही, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करुमौहा निवासी गंगाराम रात्रे उम्र 38 वर्ष पिता जनक प्रसाद रात्रे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके गांव के तत्कालीन सरपंच चंद्रशेखर मंझवार के द्वारा गंगाराम को ग्राम पंचायतों में टेंडर दिलवा देने के नाम पर पैसे की मांग की जिस पर चंद्रशेखर के झांसे में आकर गंगाराम 10 जुलाई को 49 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से और उसके इक्विटास बैंक से 13 अगस्त 2020 को 10 हजार, 13 हजार उसके फोन पे से पैसा का ट्रांसफर किया। इस प्रकार गंगाराम के द्वारा चंद्रशेखर को विभिन्न किश्तों में 1 लाख रुपए दिए लेकिन चंद्रशेखर के द्वारा ना तो गंगाराम को टेंडर दिलवाया गया और ना ही गंगाराम की रकम को वापस किया गया। गंगाराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने चंद्रशेखर के विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्प्लेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## सीएमडी ने कोरबा क्षेत्र की खदानों का किया दौरा

# उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर्यावरणीय स्वीकृति और सीटीओ पर करें फोकस: दुहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर ओपनकास्ट, सारायपाली ओपनकास्ट, अंबिका ओपनकास्ट और राजगामर अंडरग्राउंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न खदानों की प्रगति, उत्पादन, स्वीकृतियाँ और मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

एसईसीएल के सीएमडी श्री दुहन ने रविवार को मानिकपुर कोयला खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मानिकपुर ओपनकास्ट खदान की उत्पादन क्षमता को 5.25 से बढ़ाकर 7 मिलियन टन प्रतिवर्ष करने की प्रक्रिया को तेज करने तथा जनवरी 2026 तक टीओआर, पर्यावरणीय स्वीकृति (ईसी) और सीटीओ प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने, ड्रोन आधारित संपत्ति सर्वेक्षण कराए जाने और आवश्यक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरी करने को कहा। मानसून से पहले पंप एवं पाइपलाइन की स्थापना और हॉल रोड को मज़बूत करने के निर्देश भी दिए गए। सीएमडी श्री दुहन सारायपाली ओपनकास्ट खदान में भी उत्पादन क्षमता को 2.1 मिलियन टन प्रतिवर्ष तक बढ़ाने के लिए आवश्यक स्वीकृतियां शीघ्र प्राप्त करने पर बल दिया गया। श्री दुहन ने पुनर्वास के लिए मुआवजा वितरण में तेजी लाने और मानसून से पूर्व सड़क मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। अंबिका ओपनकास्ट खदान में उन्होंने शीघ्र उत्पादन शुरू करने के लिए आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने रोजगार एवं पुनर्वास प्रस्तावों को तेजी से क्रियान्वित करने और पहुंच मार्ग (अप्रोच रोड) निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। राजगामर भूमिगत खदान में उन्होंने कोयला उत्पादन हेतु हाई कैपेसिटी मशीन्स संचालन शुरू करने पर बल दिया। साथ ही पर्यावरणीय स्वीकृति के नवीनीकरण की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। अन्य भूमिगत खदानों ढेलवाडीह, सिंगाली और बगदेवा की भी समीक्षा की, जहाँ उन्होंने वन स्वीकृति के नवीनीकरण, आधारभूत संरचना के लिए भूमि अधिग्रहण आदि मुद्दों को प्राथमिकता देने को कहा। श्री दुहन ने क्षेत्रीय टीमों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि सभी विभागों को मिलकर समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य प्राप्त करने चाहिए।



अधिकारियो को दिशा निर्देश देते सीएमडी।

